of vulnerable groups such as pre-school children, pregnant women and nursing mothers.

कोनजेन्ट्रिक्स की पांच योजनाओं की स्वीकृति

3103. **श्री रामजीः** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकर ने कोनजेन्ट्रिक्स की पांच योजनाओं को स्वीकृति दे दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा इन योजनाओं को कब प्राप्त किया गया था;

(घ) इस मामले में किस प्रकार की जांच/संवीक्षा की गयी;

(ङ) स्वीकृति कब दी गयी;

(च) क्या यह सच है कि उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरी अनुसंधान को इस संबंध में एक विशेषज्ञ दल को नियुक्त करके इन पांचों योजनाओं के पर्यावरण संबंधी पहलू की जांच कराने हेतु निर्देश दिया है;

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ज) उच्चतम न्यायालय के उपरोक्त निर्देशों के अनुपालन में अब तक क्या कार्रवाई की गयी है, यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है?

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन जय नारायण प्रसाद निषाद): (क) से (ङ) मंत्रालय में 1000 मेगावाट वाल कोनजेन्ट्रिक्स परियोजना पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट एवं प्रबंध योजनाओं के साथ जून, 1995 में प्राप्त हुई थी। इनकी मंत्रालय द्वारा गठित बहुआयामी विशेषज्ञ समिति द्वारा जांच की गई थी। पर्यावरण पहलुओं की जांच करने के बाद प्रस्ताव की पर्यावरण निकासी जून, 1996 में स्वीकृत की गई थी।

(च) से (ज) उच्चतम न्यायालय ने केरल में गोश्री परियोजना, कर्नाटक में कोनजेन्ट्रिक्स परियोजना, महाराष्ट्र में सिनारमास पल्प एवं पेपर परियोजना, महाराष्ट्र में बांद्रा-कुर्ला परियोजना तथा कच्छ में संघी जेट्टी/सीमेंट परियोजना नामक पांच परियोजनाओं की राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरी अनुसंधान संस्थान (नीरी) नागपुर के वैज्ञानिकों द्वारा मूल्यांकन कराने के निर्देश दिए है। नीरी ने अपने निष्कर्ष उच्चतम न्यायालय को प्रस्तुत कर दिए है।

Qualifications of coaches prescribed by Sports Authority of India

3104. SHRI PARAG CHALIHA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to refer to the reply to Unstarred Question 3218 given in the Rajya Sabha on 6th September, 19% and state:

(a) the prescribed qualification and experience etc. for sports/games coaches as per Sports Authority of India;

(b) whether there are PETs in KVS who conform to these qualifications; and

(c) whether only such persons are appointed as sports/games coaches?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF EDUCATION IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI MUHI RAM SAIKIA): (a) The qualification of coaches as prescribed by the Sports Authority of India are as follows;

Essential: Diploma in coaching from Sports Authority of India/NIS Patiala or from any other recognised India/Foreign University

or

Participation in Olympic/Asian Games/ World Championship with Certificate Course in Coaching.

Desirable: B.P. Ed.

(b) and (c): There are some P.E.Ts. trained by SAI/NIS who are assigned the responsibility of coaching the students of Kendriya Vidyalayas in specific disciplines for specific period. But there is no post of Coach in Kendriya Vidyalaya Sangathan.

गुजरात में रेल-नेटवर्क रहित क्षेत्र

3105. **श्री चिमनभाई हरीभाई शुक्लाः** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गुजरात में अब तक रेल-नेटवर्क से न जोड़े गए क्षेत्रों का अद्यतन ब्यौरा क्या है; और